**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या - 1765**

**दिनांक 10 फरवरी, 2026 के लिए प्रश्न**

**राष्ट्रीय गोकुल मिशन**

**1765. श्री बाबू सिंह कुशवाहाः**

**श्री भरतभाई मनुभाई सुतारियाः**

**श्री नीरज मौर्यः**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जनवरी, 2026 तक राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत देशी मवेशी नस्लों की उत्पादकता और दुग्ध उत्पादन में कितनी वृद्धि दर्ज की गई है और क्या उत्तर प्रदेश के आंवला, शाहजहांपुर, बदायूं, जौनपुर और मछलीशहर के लिए इस संबंध में कोई विशेष मूल्यांकन किया गया है;

(ख) जनवरी, 2026 तक राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत स्थापित इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) प्रयोगशालाओं की कुल संख्या कितनी है तथा आंवला, शाहजहांपुर और बदायूं, जौनपुर अथवा मछलीशहर सहित उत्तर प्रदेश में स्थित/संचालित प्रयोगशालाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) जनवरी, 2006 तक इन आईवीएफ प्रयोगशालाओं के माध्यम से उत्पादित भ्रूणों, स्थानांतरित भ्रूणों और इसके परिणामस्वरूप पैदा हुए बछड़ों की कुल संख्या कितनी है तथा आंवला, शाहजहांपुर और बदायूं सहित इसका जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत देशी बोवाइन की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से उक्त क्षेत्रों में नई/आईवीएफ प्रयोगशालाओं का विस्तार/स्थापना करने का विचार है; और

(ङ) इस योजना के अंतर्गत जौनपुर और मछलीशहर के किसानों/पशुपालकों को मिले लाभों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क) और (ङ) भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा राष्ट्रीय गोकुल मिशन और अन्य उपायों के कार्यान्वयन से पिछले 11 वर्षों के दौरान देश में बोवाइनों की कुल उत्पादकता में 36.63% की वृद्धि हुई है, जो विश्व में किसी देश द्वारा हासिल की गई सबसे अधिक उत्पादकता वृद्धि है। इसी अवधि में देशी और नॉन-डिस्क्रिप्ट गोपशुओं की उत्पादकता में 44.89% और भैंसों की उत्पादकता में 25.80% की वृद्धि हुई है। देश में दूध उत्पादन वर्ष 2014-15 में 146.31 मिलियन टन से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 247.87 मिलियन टन हो गया है, यानी पिछले 11 वर्षों के दौरान 69.41% की वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश में पिछले 11 वर्षों के दौरान बोवाइनों की कुल उत्पादकता में 41.28% की वृद्धि हुई है। इनमें से देशी और नॉन-डिस्क्रिप्ट गोपशुओं की उत्पादकता में 60.76% और भैंसों की उत्पादकता में 30.42% की वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश में दूध उत्पादन वर्ष 2014-15 में 239.10 लाख टन से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 374.60 लाख टन हो गया है, यानी

पिछले 11 वर्षों के दौरान 56.67% की वृद्धि हुई है। इस योजना का लाभ, दूध उत्पादन और बोवाइनों की उत्पादकता में वृद्धि के रूप में, पूरे देश के सभी डेयरी किसानों को मिल रहा है, जिनमें उत्तर प्रदेश के आंवला, शाहजहांपुर, बदायूं, जौनपुर और मछलीशहर के किसान भी शामिल हैं। आंवला, शाहजहांपुर, बदायूं, जौनपुर और मछलीशहर सहित उत्तर प्रदेश का जिले-वार दूध उत्पादन संबंधी विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख) से (घ) जनवरी 2026 तक, भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत देश भर में 24 इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (IVF) प्रयोगशालाएँ स्थापित और संचालित की हैं जिनमें उत्तर प्रदेश के निब्लेट बाराबंकी में स्थापित 1 IVF प्रयोगशाला शामिल हैं। इन प्रयोगशालाओं से 28,358 व्यवहार्य भ्रूण उत्पादित हुए, 16,065 भ्रूण स्थानांतरित किए गए और 2593 बछड़े-बछड़ियां पैदा हुई, जिनमें से उत्तर प्रदेश में 627 व्यवहार्य भ्रूण उत्पादित हुए, 505 भ्रूण स्थानांतरित किए गए और 112 बछड़े-बछड़ियां पैदा हुई। IVF प्रयोगशाला का लाभ उत्तर प्रदेश के आंवला, शाहजहाँपुर, बदायूं, जौनपुर और मछलीशहर के डेयरी किसानों सहित राज्य के सभी डेयरी किसानों को मिल रहा है।

अनुबंध-I

उत्तर प्रदेश में दूध उत्पादन का जिले-वार विवरण

| क्र.सं. | जिले का नाम | दूध उत्पादन '000 टन में | |
|---|---|---|---|
| | | वर्ष 2014-15 | वर्ष 2023-24 |
| 1 | रायबरेली | 370.025 | 457.200 |
| 2 | गोरखपुर | 380.368 | 496.800 |
| 3 | चंदौली | 203.991 | 382.100 |
| 4 | कुशीनगर | 310.646 | 352.500 |
| 5 | अमेठी | - | 326.600 |
| 6 | अयोध्या | 245.337 | 409.00 |
| 7 | बलिया | 271.290 | 427.100 |
| 8 | संतकबीरनगर | 148.504 | 197.700 |
| 9 | लखनऊ | 276.906 | 488.00 |
| 10 | महाराजगंज | 264.474 | 227.700 |
| 11 | सीतापुर | 523.223 | 713.100 |
| 12 | हरदोई | 450.269 | 843 |
| 13 | बाराबंकी | 332.341 | 558.500 |
| 14 | पीलीभीत | 224.796 | 236.00 |
| 15 | मुजफ्फरनगर | 980.398 | 837.700 |
| 16 | इटावा | 225.760 | 405.800 |
| 17 | सहारनपुर | 518.328 | 810.100 |
| 18 | ईटा | 744.307 | 659.00 |
| 19 | औरैया | 210.244 | 296.100 |
| 20 | हाथरस | 322.183 | 478.00 |
| 21 | शामली | - | 400 |
| 22 | बागपत | 363.611 | 566.800 |
| 23 | हापुड | - | 427.500 |
| 24 | मेरठ | 734.633 | 1084.500 |
| 25 | गाजियाबाद | 662.975 | 424.600 |
| 26 | अंबेडकर नगर | 228.554 | 304.300 |
| 27 | बुलन्द शहर | 1285.018 | 1722.500 |
| 28 | बहराईच | 324.591 | 582.500 |
| 29 | गौतम बुद्ध नगर | 279.942 | 413.400 |
| 30 | मैनपुरी | 243.692 | 502.700 |
| 31 | सिद्धार्थनगर | 323.490 | 297.100 |
| 32 | बस्ती | 273.605 | 422.100 |
| 33 | संभल | - | 474.900 |
| 34 | कानपुर देहात | 226.488 | 560.00 |
| 35 | कौशांबी | 151.498 | 306.600 |
| 36 | अमरोहा | 263.054 | 571.00 |
| 37 | बदायूं | 579.225 | 866.400 |

| क्र.सं. | जिले का नाम | दूध उत्पादन '000 टन में | |
|---|---|---|---|
| | | वर्ष 2014-15 | वर्ष 2023-24 |
| 38 | फर्रुखाबाद | 202.190 | 384.500 |
| 39 | जौनपुर | 534.762 | 671.800 |
| 40 | मऊ | 219.567 | 260.800 |
| 41 | प्रयागराज | 506.681 | 806.700 |
| 42 | देवरिया | 265.161 | 391.300 |
| 43 | वीर सावरकर नगर | 513.639 | 881.100 |
| 44 | गोंडा | 389.443 | 598.600 |
| 45 | वाराणसी | 194.062 | 469.700 |
| 46 | उन्नाव | 418.321 | 608.800 |
| 47 | बिजनौर | 383.913 | 669.400 |
| 48 | फिरोजाबाद | 369.189 | 659.300 |
| 49 | आगरा | 685.089 | 1058.300 |
| 50 | कन्नौज | 248.653 | 389.600 |
| 51 | मुरादाबाद | 633.070 | 432.500 |
| 52 | बलरामपुर | 155.758 | 291.500 |
| 53 | रामपुर | 328.496 | 425.000 |
| 54 | अलीगढ़ | 669.840 | 1034.900 |
| 55 | कानपुर नगर | 303.349 | 502.600 |
| 56 | सुल्तानपुर | 428.146 | 489.500 |
| 57 | फ़तेहपुर | 320.315 | 635.100 |
| 58 | मथुरा | 519.067 | 702.00 |
| 59 | श्रावस्ती | 106.574 | 205.200 |
| 60 | मिर्जापुर | 268.071 | 400.00 |
| 61 | प्रतापगढ़ | 280.924 | 642.900 |
| 62 | संत रविदास नगर | 101.771 | 267.700 |
| 63 | लखीम पुर खीरी | 350.584 | 813.100 |
| 64 | कासगंज | - | 476.800 |
| 65 | गाजीपुर | 429.376 | 575.900 |
| 66 | शाहजहांपुर | 296.182 | 514.300 |
| 67 | सोनभद्र | 247.349 | 293.600 |
| 68 | बरेली | 502.290 | 773.200 |
| 69 | जालौन | 236.570 | 318.200 |
| 70 | चित्रकूट | 194.130 | 278.00 |
| 71 | हमीरपुर | 144.696 | 306.700 |
| 72 | झांसी | 194.047 | 277.00 |
| 73 | बाँदा | 269.095 | 246.100 |
| 74 | ललितपुर | 200.828 | 354.400 |
| 75 | महोबा | 142.771 | 149.300 |